





# माल्या खेरखेड़ा में उमड़ा जनसैलाब

> विशाल हिंदू सम्मेलन में तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया संकल्प



**मंदसौर। माल्या खेरखेड़ा मंडल के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में 'विशाल हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के आठ गांवों—माल्या खेरखेड़ा, उदपुरा, सेमली, आक्याफ़तु, हाँसली, गांधीग्राम, डीगाव खुर्द और लबदड़ी—से लगभग 3,000 की संख्या में मातृशक्ति और धर्मप्रेमी जनता एकत्रित हुई।**

पंच परिवर्तन और सनातन संस्कृति पर मंथन

अतिथि परिचय नारायण प्रजापत ने करवाया, ? सम्मेलन के दौरान मुख्य वक्ताओं ने समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अतिथियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विकास यात्रा के साथ–साथ 'पंच परिवर्तन' के पांच मुख्य स्तंभों पर विशेष जोर दिया

**–कुटुंब प्रबोधन : परिवार में संस्कारों का बीजारोपण।**
**–समरसता : भेदभाव मुक्त समाज का निर्माण।**
**–पर्यावरण : प्रकृति संरक्षण का संकल्प।**
**– भारतीय उत्पादों का गौरव।**
**–राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप शर्मा (भागवताचार्य, दलोदा), हर्षल कुलकर्णी (जिला सेवा प्रमुख, मंदसौर), श्रीमती ममता शर्मा (दुर्गा वाहिनी सह–संयोजिका) एवं बद्रीलाल आंजना (संयोजक, हिंदू सम्मेलन समिति) उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जसपाल आंजना, किशोर प्रजापत, बलराम नागर और सत्यनारायण साकुनिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौ–माता के पूजन और वंदन के साथ हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर के भैया–बहनों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक विषयों पर रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। अतिथि उद्बोधन के पश्चात भारत माता की महाआरती की गई और 'कल्याण मंत्र' के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। समापन के उपरांत सभी आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए सहभोज (भंडारा) का आयोजन भी किया गया।

**इनका रहा विशेष सहयोग**– कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य मदनलाल आंजना, ईश्वरसिंह आंजना, विक्रम सिंह आंजना, जीवन प्रजापत, शिवनारायण प्रजापत, सुरेश प्रजापत, दीपक प्रजापत, फकीरचंद प्रजापत सुनील डाबी, मुकेश प्रजापत, संजय डाबी, बालाराम नागर, विष्णु विश्वकर्मा, पवन पाटीदार, भागीरथ विश्वकर्मा, ओम प्रकाश गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, लक्ष्मीनारायण गुर्जर, बलराम मीणा, बालू राम मीणा, बंशीलाल मीणा एवं समस्त ग्राम के समस्त युवाओं और वरिष्ठ जनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन करूलाल प्रजापत (प्राचार्य, मालिया खेरखेड़ा) द्वारा किया गया।



## सनातन संस्कृति अहिंसा व लोककल्याण की आधारशिला : जैन मुनि निष्पक्ष महाराज

**भानपुरा।** गुरु गोविंद सिंह बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में आशीर्वचन हेतु पधारे जैन मुनि श्री 108 निष्पक्ष महाराज ने कहा कि विश्व में अनेक संप्रदाय हैं, किंतु केवल सनातन संस्कृति ही अहिंसा, जीवदया और लोककल्याण को मूल आधार मानती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में मानव जीवन के सभी मूल्य समाहित हैं।

जैन मुनि ने कहा कि हमें श्रीराम, माता सीता, हनुमान जी एवं भगवान महावीर के चरित्र को अपने जीवन में उतारना होगा। साथ ही अपनी बेटियों को देवी पद्मावती, रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गा देवी एवं अहिल्या देवी जैसे आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन की पहली गुरु मां होती है, किशोर अवस्था में शिक्षक और बाद में आध्यात्मिक गुरु मानव जीवन को तारने का कार्य करते हैं। आज की पीढ़ी को संस्कारित बनाने की आवश्यकता पर उन्होंने विशेष जोर दिया।

## एक नजर में

### प्रति मंगलवार जनसुनवाई के साथ होगी जल सुनवाई

**मंदसौर।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में आम नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई के साथ अब जल सुनवाई भी आयोजित की जाएगी। इस जल सुनवाई में आम नागरिक अपनी जल से संबंधित शिकायतें लेकर उपस्थित हो सकते हैं। जल आपूर्ति, पेयजल, नल कनेक्शन, जल स्तर, पाइपलाइन, टंकी, हैंडपंप सहित अन्य जल संबंधी समस्याओं की सुनवाई कर उनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा। जल सुनवाई के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ वार्ड एवं पंचायत स्तर की जल संबंधी शिकायतों का भी समाधान किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु प्रति मंगलवार आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर जल सुनवाई का लाभ लें।

### हर्षित हंस ने 7 साल की उम्र में द्वितीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया



**टकरावद/नाहरगढ।** जीवन मे प्रतिभा को आगे बढने के लिए अवसर की तलाश रहती है। इसी कडी मे मंदसौर जिले की मल्हारगढ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टकरावद निवासी वाल्मिकी समाज के सामाजिक कार्यकर्त्ता अजय हंस पिता कैलाश चन्द्र हंस टकरावद के पुत्र क्लास 2 के छात्र हर्षित (कृष्णा) पिता अजय हंस उम्र 7 वर्ष का बाल गंधर्व आर्ट गैलरी में आयोजित होने वाली चौथी राष्ट्रीय स्तर की कला कल्पना प्रतियोगिता और प्रदर्शनी के लिए चयन हुआ। छात्र हर्षित(कृष्णा) हंस देवगिरी इंग्लिश मीडियम स्कूल पिंपरी चिंचवड़ शहर पुणे की संस्था मे अध्यकन कर रहे है। पुणे महाराष्ट्र की कला दर्पण आर्ट एकेडमी द्वारा आयोजित हस्तलेखन प्रतियोगिता में बेटे हर्षित(कृष्णा) हंस ने 7 साल की उम्र में द्वितीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया। बालगंधर्व आर्ट गैलरी में आयोजित होने वाली चौथी राष्ट्रीय स्तर की कला कल्पना प्रतियोगिता और प्रदर्शनी के लिए चयनित हुआ। सामाजिक गण व इष्ट मित्र एवं परिवार ने हार्दिक बधाई व आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामनाऐ की है।

### सीतामऊ में हिंदू संगम के तहत भव्य हिंदू सम्मेलन, विशाल चल समारोह निकला



**सीतामऊ।** हिंदू संगम के तत्वावधान में रविवार को नगर में दो स्थानों पर गरिमामय हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। पहला आयोजन नगर की आराध्य देवी मां मोड़ी माताजी परिसर में हुआ, जबकि दूसरा आयोजन पोरवाल मांगलिक भवन में संपन्न हुआ। दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी–कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महिलाओं की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर वेराई माताजी परिसर से गाजे–बाजे एवं ढोल–नगाड़ों के साथ विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में जनसमुदाय ने जयकारे लगाते हुए भाग लिया। महिलाएं व युवाओं की टोलियां पारंपरिक नृत्य करती हुई चल रही थीं। चल समारोह के पश्चात मंदिर परिसर में हिंदू संगठनों के अतिथियों ने उद्बोधन देते हुए वर्तमान परिवेश में हिंदू समाज के संगठित होने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### सीतामऊ में लगातार चोरी की वारदातें, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**सीतामऊ।** नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सुवासरा रोड स्थित पल्लवी होटल के पीछे अव्वल खान बेलारी की आरामशीन पर बीते 4 से 5 दिनों से लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। चोरों द्वारा दरवाजों में उपयोग होने वाली चौखट, साइज़ सहित अन्य कीमती इमारती लकड़ी चोरी कर ली गई है। चोरी की पूरी घटना आरामशीन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित द्वारा शनिवार शाम को पूर्व में हुई चोरियों को लेकर थाने में आवेदन दिया गया था, किंतु उसके बाद भी चोरी की घटनाएं जारी हैं। उल्लेखनीय है कि बीती रात चोर पोरवाल मांगलिक भवन के समीप नाले के रास्ते घुसकर खिड़की तोड़ते हुए बसों एवं आरामशीन से पुराना सामान, बाट, ट्रॉली का पंप सहित अन्य भंगार सामग्री चोरी कर ले गए। पीछे की खिड़की तोड़कर की गई इस वारदात से आशंका जताई जा रही है कि चोरी में दो या उससे अधिक चोर शामिल हो सकते हैं, जो पुलिस जांच का विषय है। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती चोरी की वारदातें पुलिस के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं। आमजन में चर्चा है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों एवं बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नागरिकों ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### पारिख परिवार ने राजेंद्र पारिख के निधन पर लायंस के माध्यम से किया नेत्रदान, समाज के लिए पेश की मिसाल

**मंदसौर।** स्थानीय पारिख समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र पारिख के दुखद निधन पर उनके परिजनों ने मानवता की सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय कदम उठाया है। शोक की इस घड़ी में भी परिवार ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से नेत्रदान का पुनीत कार्य संपन्न किया। परिजनों की सहमति के पश्चात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने सफलतापूर्वक नेत्र उत्सर्जित किए। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि 'नेत्रदान महादान है। शोक के क्षणों में दूसरों के जीवन में प्रकाश लाने का यह निर्णय समाज के लिए एक महान संदेश है।' लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी, हस्तिमल जैन, प्रदीप गुप्ता एवं अंशुल जैन ने पारिख परिवार के इस साहसी और प्रेरणादायी निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया।

## मंदसौर में सांसद ने कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी



**मंदसौर।** प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी, मंदसौर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन सहित सीधा प्रसारण किसानों ने देखा।

कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, कृषि विभाग के उप संचालक रविंद्र मोदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, किसान एवं पत्रकार उपस्थित रहे। सांसद श्री गुप्ता ने कृषि उपज मंडी से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कृषि रथ प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा एक माह में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा।

कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन से जुड़ी नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुआई से पूर्व प्रत्येक विकासखंड में कृषि रथ संचालित किए जाएंगे।

कृषि रथ के माध्यम से जैविक व प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल विविधीकरण, एकीकृत पोषक तत्व व कीट–रोग प्रबंधन, कृषि योजनाओं का प्रचार–प्रसार, ई–टोकन, उर्वरक वितरण एवं पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जाएंगी। प्रत्येक रथ के साथ तकनीकी दल रहेगा, जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र/विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ एवं प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे। कृषि रथ की गतिविधियों की ऑनलाइन दैनिक मॉनीटरिंग विकासखंड एवं जिला स्तर पर की जाएगी।

## रोटरी क्लब मंदसौर सैटेलाइट ने बच्चों संग मनाई मकर संक्रांति, बांटी खुशियों की पतंगें

> प्रतिबंधित चाइना मांझे से दूर रहने का दिया संदेश; पक्षियों और स्वयं की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**मंदसौर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रोटरी क्लब मंदसौर सैटेलाइट द्वारा शासकीय हाई स्कूल बोतलगंज में पतंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के चेहरों पर पतंग पाकर मुस्कान खिल उठी। क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं और उन्हें सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष निशा कुमावत ने बच्चों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि 'पतंगबाजी का आनंद तभी तक है जब वह सुरक्षित हो। प्रतिबंधित चाइना मांझा न केवल इंसानों के लिए बल्कि बेजुबान पक्षियों के लिए भी जानलेवा है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे केवल सूती धागे (सद्दी) का उपयोग करें और छतों पर पतंग उड़ाते समय विशेष सावधानी बरतें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

इस अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से सरिता चंचल सोनी, श्वेता कपूर और सपना कुमावत विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को पतंग उड़ाने की बारीकियों और सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी।

?कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। स्कूल प्रबंधन ने रोटरी क्लब मंदसौर सैटेलाइट की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान में नदी से एक ट्रॉली गाद और कचरा निकाला

> विधायक के नेतृत्व में शिवना शुद्धिकरण अभियान से संवर रही शिवना नदी



**मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण अभियान के 79 वें दिन आज विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में एक बार फिर जनसहभागिता और पर्यावरण चेतना का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। भीषण ठंड के बावजूद श्रमदानियों ने अद्भुत दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए लगन से शिवना नदी की सफाई में योगदान दिया। कड़ाके की सर्दी की परवाह किए बिना लोग नदी में उतरकर गंदगी और कचरे को हटाने में जुटे रहे। नदी के भीतर सफाई के साथ–साथ उसके आसपास किनारों पर भी साफ सफाई की गई।**

सफाई अभियान के दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को यह संदेश भी दे रहा है कि नदियों को स्वच्छ रखना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। नदी को साफ व स्वच्छ करने की किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक हर व्यक्ति इस जिम्मेदारी को नहीं समझेगा, तब तक स्थायी स्वच्छता संभव नहीं हो सकती है। श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रातः 7:30 से 9:30 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 79वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, विजय आनंद, बालकृष्ण पोरवाल, घनश्याम भावसार, राकेश जैन पिंटू, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, महिला नेत्रीयों में प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया, कौशल्या त्रिवेदी, कांग्रेसजन मे सर्वश्री राजनारायण लाड़, साबिर इलेक्ट्रिशियन, संजय नाहर, अजय सोनी, राजेश खिंची, आमीन खान, दुर्गेश चंदेल, गणपत कुमावत, सादिक गौरी, प्रकाश कहार, नितनेश बसेर, राकेश सेन, ऋषिराज लाड़ आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।



## नाहरगढ़ में हिन्दू सम्मेलन के आयोजन के साथ नगर में निकली शोभायात्रा

**नाहरगढ। ग्रामीण अंचल व नगर का भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ।**

नगर के समस्त हिंदू समाज जनों के घर–घर जाकर आयोजित सम्मेलन के पूर्व में हल्दी अक्षत देकर आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह के अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा रविवार 11 जनवरी 26 को अम्बिका गार्डन बिल्लोद रोड नाहरगढ पर विराट हिंदु सम्मेलन का आयोजन हुआ। माताएं बहने कलश यात्राओं में शामिल हुई कलश यात्रा का नगर भ्रमण पर जगह–जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा में भजनों की धुन पर उत्साहित माता बहनों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया। विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन मे सभी का जनसहयोग रहा है । सभी ने संतो के प्रवचन सुने उसके के बाद सभी नगर व आसपास अंचल का सामुहिक भोजन हुआ। हजारो की संख्या मे हिंदू परिवार ने आयोजन मे भाग लिया ।

## एक नजर में — नंबर प्लेट बदलकर पहचान मिटाने की कोशिश

# स्कार्पियों चोरी कर फरार हुए बदमाश, क्रेटा कार से आए चोर

**पिपलियामण्डी। नगर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला महू–नीमच हाईवे स्थित पुलिस थाना क्षेत्र के निकट का है, जहां अज्ञात बदमाश देर रात एक स्कॉर्पियो वाहन चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवलिया कार डेकोर के संचालक शैतान गुर्जर के निवास के बाहर खड़ी स्कार्पियो वाहन क्रमांक स्क्क14 छ्व 0736 को अज्ञात चोर बीती रात करीब 3:30 बजे चोरी कर ले गए। बताया गया है कि बदमाश क्रेटा कार में सवार होकर मौके पर पहुंचे थे और पहले से की गई रेकी के बाद कुछ ही मिनटों में वाहन चोरी कर फरार हो गए।**




### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

चोरी की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में दो संदिग्ध बदमाश दिखाई दे रहे हैं, जो बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। चोरों ने कार का बोनट खोला। उसके बाद उसे डायरेक्ट कर स्टार्ट कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर बदमाशों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसके साथ ही आसपास के प्रतिष्ठानों और मार्गों पर लगे कैमरों की भी जांच की जा रही है।

### नंबर प्लेट बदलकर भागे बदमाश

जांच के दौरान नयागांव टोल बैरियर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की गई स्कॉर्पियो कैद हुई है। बदमाशों ने वाहन की पहचान छिपाने के उद्देश्य से स्कॉर्पियो की मध्यप्रदेश पासिंग की नंबर प्लेट हटाकर राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की पासिंग नंबर प्लेट लगा दी थी। इसके अलावा स्कॉर्पियो पर पहले से लिखे गए नाम व अन्य पहचान चिन्ह भी हटा दिए गए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बदमाश पूरी तैयारी और योजना के साथ आए थे।

### पहले की वारदातों का भी नहीं हुआ खुलासा

नगर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक कई मामलों में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। 17 दिसंबर 2025 की रात को भी नगर में चोरों ने धावा बोलते हुए एक ही रात में तीन बाइक चोरी कर ली थीं, वहीं तीन कार चोरी करने का प्रयास किया गया था। इन घटनाओं में भी चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए थे, बावजूद इसके अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसी तरह 27 नवंबर 2025 की रात को पिपलियामंडी में चोरों ने जमकर तांडव मचाया था। हथियारों से लैस बदमाशों ने करीब 10 स्थानों पर ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर लिए थे। इस दौरान की गई पत्थरबाजी में एक युवक घायल भी हुआ था। इस गंभीर घटना का भी अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है।

### बाइक चोरी भी बन गई समस्या

नगर में बाइक चोरी की घटनाएं अब आम बात हो गई हैं। आए दिन वाहन चोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं, नागरिकों का कहना है कि चोरी की घटनाओं के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध वाहनों की नियमित जांच, सीमावर्ती मार्गों पर निगरानी कड़ी करने तथा लंबित चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।